# दुबई एक्सपो में सरकार करेगी यूपी की ब्रांडिंग

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

## तैयारी

- दुनिया भर के उद्यमियों के सामने ओडीओपी की ब्रांडिंग होगी
- मंत्री सतीश महाना, सिद्धार्थनाथ समेत एक प्रतिनिधिमंडल जाएगा

यूपी सरकार दुबई एक्सपो में इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग, कारोबार के मामले में यूपी को शोकेस करेगी। साथ ही ओडीओपी की खास तौर पर दुनिया भर के उद्यमियों, निवेशकों के सामने ब्रॉडिंग होगी। यह आयोजन 11 से 21 दिसंबर तक दुबई में होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार की रात औद्योगिक विकास विभाग के अधिकारियों संग यूपी की तैयारियों के संबंध में समीक्षा कर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावी तरीके से, यूपी की प्रगति को वहां प्रदर्शित किया जाए। इसके लिए पवेलियन लगाया जाएगा। ओडीओपी की ब्रॉडिंग की जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस एक्सपो में शिरकत करने औद्योगिक विकास विभाग के मंत्री सतीश महाना, एमएसएमई विभाग के मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह व अन्य अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल दुबई जाएगा।